## यायालय उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन जिला करौली

कदमा नं0 :– 464/2020 तारीख रजू :– 09.09.2020

ठासीन अधिकारी – अनूपसिंह

R.A.S.

मचरण पुत्र मांगीलाल जाति कुम्हार निवासी ऐकोरासी तहसील ~~[illegible]~~ हिण्डौन जिला रौली ——————————————————————————— प्रार्थी

बनाम

हसीलदार तहसील हिण्डौन जिला करौली ——————————————— अप्रार्थी

**प्रार्थना पत्र बाबत इन्द्राज दुरूस्ती**

उपस्थित :– 1. श्री अशोक नीमनका एडवोकेट प्रार्थी

2. पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन

## निर्णय

दिनांक :– 14-7-22

प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् इन्द्राज दुरूस्ती विरूद्ध अप्रार्थी पेश कर प्रार्थना पत्र के मद नं01 में दर्ज किया है कि आराजी खसरा नम्बर 1480, 1481, 1482, 1483, 1484/1671, 1533, 1659, 1660, 1661 कुल किता 9 कुल रकबा 2.35 है0 स्थित ग्राम बाजना कला तहसील हिण्डौन, खसरा नम्बर 1532, 1534, 1539, 1540 ता 1546, 1553/1687, 1650 ता 1658 कुल किता 20 कुल रकबा 4.09 है0 स्थित ग्राम बाजनाकला तहसील हिण्डौन, खसरा नम्बर 4520 रकबा 0.50 है0,स्थित ग्राम कोटवास तहसील हिण्डौन जिला करौली में वादी/ प्रार्थी का निवास स्थान ऐकोरासी के स्थान पर जगर एवं कोटवास जमाबन्दी में दर्ज रिकार्ड है। जबकि प्रार्थी मूल रूप से गांव ऐकोरासी का मूल निवासी है, इसलिए रेवन्यू रिकार्ड जमाबन्दी में वादी का निवास स्थान संशोधित फरमाया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है।

प्रार्थना पत्र के मद नं02 में दर्ज किया है कि प्रार्थी वर्तमान में गांव ऐकोरासी का मूल निवासी है, प्रार्थी का आधार कार्ड, पहचान पत्र, बैंक पास बुक, फोटो पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि समस्त दस्तावेजात गांव ऐकोरासी के स्थायी पते से बने हुए हैं लेकिन आराजीयात वर्णित मद नं01 प्रार्थना पत्र में प्रार्थी का निवास स्थान जगर एवं कोटवास दर्शाया हुआ है। उक्त गलती को लेकर आये दिन मसलन केसीसी की पत्रावली बनवाते समय, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त

उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन सिटी (करौली)

करते समय , रेवन्यू कर्मचारी प्रार्थी को उक्त संशोधन कराने बाबत् कई मर्तबा हिदायत फरमा चुके हैं। इसलिए प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है।

प्रार्थना पत्र के मद नं05 में दर्ज किया है कि प्रार्थना पत्र अन्दर मियाद पेश है।

अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है किया है कि प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर आराजीयात खसरा नम्बर 1480, 1481,1482,1483, 1484/1671, 1533, 1659, 1660, 1661 कुल किता 9 कुल रकबा 2.35 है0 एवं खसरा नम्बर 1532, 1534,1539, 1540 ता 1546, 1553/1687, 1650 ता 1658 कुल किता 20 कुल रकबा 4.09 है0 स्थित ग्राम बाजनाकला तहसील हिण्डौन में प्रार्थी का निवास ग्राम जगंर के स्थान पर ऐकोरासी एवं खसरा नम्बर 4520 रकबा 0.50 है0,स्थित ग्राम कोटवास तहसील हिण्डौन में प्रार्थी का निवास कोटवास के स्थान पर ऐकोरासी दर्ज करने के आदेश फरमाते हुए प्रतिवादी सं01 को उक्त संशोधन समस्त रेवन्यू रिकार्ड में दर्ज करने बाबत् आदेशित फरमावें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी की ओर से पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन ने उपस्थित होकर जबाव प्रार्थना पत्र पेश कर जबाव प्रार्थना पत्र के मद नं01 में दर्ज किया है कि प्रार्थना पत्र का मद नं01 इस हद तक स्वीकार है कि पत्रावली में सलग्न नकल जमाबन्दी ग्राम बाजना कला सम्बत् 2069–72 खाता संख्या 256 व 257 व खाता संख्या 255 व 230 ग्राम ऐकोरासी में वादी का मूल निवास जगर व जमाबन्दी ग्राम कोटवास सम्बत् 2073–76 खाता संख्या 146 में कोटवास अंकित है। शेष तथ्य अस्वीकार हैं।

जबाव प्रार्थना पत्र के मद नं02 में दर्ज किया है कि प्रार्थना पत्र का मद नं02 अस्वीकार है।

जबाव प्रार्थना पत्र के मद नं03,4,5 में दर्ज किया है कि प्रार्थना पत्र का मद नं03,4,5 कानूनी हैं।

विविध – यह कि वादीया द्वारा माननीय न्यायालय में इस आशय से प्रार्थना पत्र बाबत् इन्द्राज दुरूस्ती प्रस्तुत किया है कि राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी ग्राम बाजनाकला सम्बत् 2069–72 खाता संख्या 256 व 257 में निवास जगर तथा खाता संख्या 255 व 230 में साकिन ऐकोरासी तथा जमाबन्दी ग्राम कोटवास सम्बत् 2073–76 खाता संख्या 146 में कोटवास अंकित है। जबकि वह ग्राम ऐकोरासी का मूल निवासी है, इसलिए साकिन ऐकोरासी दर्ज किया जावे। वादी के विभिन्न स्थानों पर निवास का अंकन मुताविक बाद मिलान भू–प्रबन्ध खतौनी हाल जमाबन्दी में अंकित निवास स्थान जगर दर्शित है। वादी के मूल निवास जगर के साथ हाल

निवास ऐकोरासी दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः रिपोर्ट भू–अभिलेख निरीक्षक वृत महूइब्राहिमपुर संलग्न कर जबाव प्रतिवादी सेवा में पेश है।

वकील प्रार्थी ने दस्तावेजी सबूत में फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सम्बत् 2069–72, नकल जमाबन्दी सं0 2073–76 फोटो प्रति आधार कार्ड संख्या 946411601640 , फोटो प्रति जन आधार कार्ड संख्या 4828475213, फोटो प्रति परिवार राशन कार्ड यू.आईडी कमांक 946411601640 बार कोड सं0 200001894723 , फोटो प्रति मतदाता पहचान पत्र संख्या आरजे/11/086/243330 पेश किये है।

वकील प्रार्थी तथा अप्रार्थी की ओर से पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन उपस्थित। वकील प्रार्थी तथा अप्रार्थी की ओर से पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दौहराया है और प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया है। अप्रार्थी पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन ने जबाव प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दौहराया है और उक्त संशोधन किये जाने में कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है।

वकील प्रार्थी तथा अप्रार्थी की ओर से पेरोकार सरकार तहसीलदार हिण्डौन की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली में उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया। वकील प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजी सबूत फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सम्बत् 2069–72 के अनुसार आराजी खसरा नम्बर 1532 रकबा 0.36 है0, 1534 रकबा 0.43 है0, 1539 रकबा 0.02 है0, 1540 रकबा 0.17 है0, 1541 रकबा 0.40 है0, 1542 रकबा 0.25 है0, 1543 रकबा 0.28 है0, 1544 रकबा 0.18 है0, 1545 रकबा 0.05 है0, 1546 रकबा 0.08 है0, 1533/1687 रकबा 0.08 है0, 1650 रकबा 0.21 है0, 1651 रकबा 0.15 है0, 1652 रकबा 0.21 है0, 1653 रकबा 0.04 है0, 1654 रकबा 0.11 है0, 1655 रकबा 0.40 है0, 1656 रकबा 0.21 है0, 1657 रकबा 0.24 है0;. 1658 रकबा 0.22 है0 कुल किता 20 कुल रकबा 4.09 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/10 जाति कुम्हार (प्रजापत) सा.जगर खातेदार के नाम दर्ज रिकार्ड है तथा शेष हिस्से के अन्य खातेदार दर्ज रिकार्ड हैं।

फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सम्बत् 2069–72 के अनुसार आराजी खसरा नम्बर 1480 रकबा 0.06 है0, 1481 रकबा 0.07 है0, 1482 रकबा 0.13 है0, 1483 रकबा 0.13 है0, 1484/1671 रकबा 0.26 है0, 1533 रकबा 0.79 है0, 1659 रकबा 0.44 है0, 1660 रकबा 0.01 है0, 1661 रकबा 0.46 है0 कुल किता 9 कुल रकबा 2.35 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/16 जाति कुम्हार (प्रजापत) सा.जगर खातेदार के नाम दर्ज रिकार्ड हैं तथा शेष हिस्से के अन्य खातेदार दर्ज रिकार्ड हैं।

फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सम्बत् 2069–72 के अनुसार आराजी खसरा नम्बर 1531 रकबा 0.31 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/10 जाति कुम्हार (प्रजापत) सा.एकोराशी खातेदार के नाम दर्ज रिकार्ड है तथा शेष हिस्से के अन्य खातेदार दर्ज रिकार्ड हैं।

फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सम्बत् 2069–72 के अनुसार आराजी खसरा नम्बर 1362 रकबा 0.21 है0, 1363 रकबा 0.35 है0, 1367/1716 रकबा 0.15 है0, 698 रकबा 0.32 है0 कुल किता 3 कुल रकबा 1.03 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/4 जाति कुम्हार (प्रजापत) सा.एकोराशी खातेदार के नाम दर्ज रिकार्ड है तथा शेष हिस्से के अन्य खातेदार दर्ज रिकार्ड हैं।

फोटो प्रति नकल जमाबन्दी सं0 2073–76 के अनुसार आराजी खसरा नम्बर 4520 रकबा 0.50 है0 वाके ग्राम कोटवास तहसील सूरौठ में खातेदार रामचरण पुत्र मांगी हिस्सा 1/6 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 कोटवास खातेदार दर्ज रिकार्ड है तथा शेष हिस्से के अन्य खातेदार दर्ज रिकार्ड हैं।

फोटो प्रति आधार कार्ड संख्या 946411601640 रामचरण पुत्र मांगीलाल निवासी एकोरासी तहसील हिण्डौन जिला करौली के नाम से जारी किया हुआ है।

फोटो प्रति जन आधार कार्ड संख्या 4828475213 सूकी पत्नि रामचरण निवासी एकोरासी तहसील हिण्डौन के नाम से दर्ज रिकार्ड है। जिसमें रामचरण का भी नाम अंकित है।

फोटो प्रति परिवार राशन कार्ड यू.आईडी कमांक 946411601640 बार कोड सं0 200001894723 रामचरण प्रजापत पुत्र मांगीलाल निवासी एकोरासी ग्राम पंचायत बनकी तहसील हिण्डौन जिला करौली के नाम से जारी किया हुआ है।

फोटो प्रति मतदाता पहचान पत्र संख्या आरजे/11/086/243330 रामचरण पुत्र मांगीलाल निवासी मकान नं0 99 गांव एकोरासी तहसील हिण्डौन जिला सवाईमाधोपुर के नाम से दिनांक 18.11.1995 को जारी किया हुआ है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि प्रार्थी ग्राम एकोरासी तहसील हिण्डौन जिला करौली का निवासी है, जबकि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का निवास स्थान कुछ खातों पर तो एकोरासी तथा कुछ खातों पर जगर एवं एक खाते पर कोटवास दर्ज रिकार्ड है। जिसकी दुरूस्ती कराने का प्रार्थी पूर्ण रूपेण अधिकारी साबित है। ऐसे हालात में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् इन्द्राज दुरूस्ती एल.आर.एक्ट की धारा 136 के तहत स्वीकार योग्य न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र इन्द्राज दुरूस्ती विरूद्ध अप्रार्थी स्वीकार किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 1532 रकबा 0.36 है0, 1534 रकबा 0.43 है0, 1539 रकबा 0.02 है0, 1540 रकबा 0.17 है0, 1541 रकबा 0.40 है0, 1542 रकबा 0.25 है0, 1543 रकबा 0.28 है0, 1544 रकबा 0.18 है0, 1545 रकबा 0.05 है0, 1546 रकबा 0.08 है0, 1533/1687 रकबा 0.08 है0, 1650 रकबा 0.21 है0, 1651 रकबा 0.15 है0, 1652 रकबा 0.21 है0, 1653 रकबा 0.04 है0, 1654 रकबा 0.11 है0, 1655 रकबा 0.40 है0, 1656 रकबा 0.21 है0, 1657 रकबा 0.24 है0, 1658 रकबा 0.22 है0 कुल किता 20 कुल रकबा 4.09 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/10 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 जगर खातेदार के स्थान पर रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/10 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 एकोरासी खातेदार संशोधन करने के आदेश दिये जाते हैं तथा खसरा नम्बर 1480 रकबा 0.06 है0, 1481 रकबा 0.07 है0, 1482 रकबा 0.13 है0, 1483 रकबा 0.13 है0, 1484/1671 रकबा 0.26 है0, 1533 रकबा 0.79 है0, 1659 रकबा 0.44 है0, 1660 रकबा 0.01 है0, 1661 रकबा 0.46 है0 कुल किता 9 कुल रकबा 2.35 है0 वाके ग्राम बाजनाकलां तहसील हिण्डौन में प्रार्थी रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/16 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा.जगर खातेदार के स्थान पर रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/16 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 एकोरासी खातेदार संशोधन करने के आदेश दिये जाते हैं तथा शेष इन्द्राजात मुताविक राजस्व रिकार्ड बदस्तूर रहेंगे। तहसीलदार हिण्डौन को आदेश दिये जाते हैं कि उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज दुरूस्ती कर अमल दरामद करें। आराजी खसरा नम्बर 4520 रकबा 0.50 है0 वाके ग्राम कोटवास तहसील सूरौठ में खातेदार रामचरण पुत्र मांगी हिस्सा 1/6 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 कोटवास खातेदार के स्थान पर रामचरण पुत्र मांगीलाल हिस्सा 1/6 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा0 एकोरासी खातेदार संशोधन करने के आदेश दिये जाते हैं तथा शेष इन्द्राजात मुताविक राजस्व रिकार्ड बदस्तूर रहेंगे। तहसीलदार सूरौठ को आदेश दिये जाते हैं कि उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज दुरूस्ती कर अमल दरामद करें। निर्णय की प्रति तहसीलदार हिण्डौन एवं सूरौठ को पालनार्थ भेजी जावे। पत्रावली फैंसल सुमार होकर बाद तकमील नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिंनाक ...14-7-22............ को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अनूपसिंह )
उपखण्ड अधिकारी
हिण्डौन जिला करौली